# HAMIRPUR POLICE

**दिनाँक- 31.08.2026**

**पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज–5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा उपायों तथा जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। साथ ही नवीन कानूनों - भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच / बैड टच की पहचान, उनके अधिकारों तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बस, रास्तों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मनचलों/शोहदों द्वारा छेड़खानी की घटना होने पर भयभीत न हों, बल्कि तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम थाने पर जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम आदि का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्वयं नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा  व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

